सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-459
27/09/2017

मुख्यमंत्री ने भवन निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन का उदघाटन किया

पटना, 27 सितम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज राजवंशीनगर स्थित भवन निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन का फीता काट कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत मुख्यमंत्री ने निरीक्षण भवन के सभी तल्लों का मुआयना किया। मुआयने के क्रम में उन्होंने बहुउद्देशीय हॉल, सभी कमरे, निर्मित सुईट, बॉलकनी, डॉयनिंग हॉल एवं किचेन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस निरीक्षण भवन पर प्रसन्नता जतायी।

इस अवसर पर विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधी' जी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सह प्रधान सचिव भवन निर्माण विभाग श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित भवन निर्माण विभाग के अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।